पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भेंटकर होली की बधाई दी

लखनऊः 05 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में होली के अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, कई विश्वविद्यालय के कुलपतियों, विभिन्न शैक्षिक संस्थानांे के प्रतिनिधिगण, पत्रकार बन्धुओं तथा गणमान्य नागरिकों ने भेंट की तथा होली की बधाई दी।

इस अवसर पर सांसद, श्री जगदम्बिका पाल, राजस्व परिषद के अध्यक्ष, श्री ए0के0 गुप्ता, उपाध्यक्ष योजना आयोग, श्री एन0सी0 बाजपेई, अन्य विभागों के प्रमुख सचिव, पुलिस महानिदेशक, श्री ए0के0 जैन, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था, श्री मुकुल गोयल, अवकाश प्राप्त प्रशासनिक अधिकारी, श्री वी0एस0 चैबे, श्री आर0के0 मित्तल सहित बड़ी संख्या में लोगों ने राज्यपाल से भेंट करके उन्हें होली की बधाई दी।

होली के अवसर पर बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा है कि होली का पावन पर्व हमें सारे भेदभाव भुलाकर आपसी सद्भाव के वातावरण में पर्व मनाने का सन्देश देता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि भाईचारे का यह त्यौहार सभी सम्प्रदाय एवं वर्गों के बीच प्रेम-स्नेह और सौहार्द की भावना को और मजबूत बनायेगा।